दिन– मंगलवार                                                                                    दिनांक– 14 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                                       अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आम लोगों की शिकायतों की सीधी सुनवाई के लिए आज पटना में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का शुभारंभ करेंगे।

02. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की आज होगी जांच। कुल चालीस उम्मीदवारों ने दाखिल किये हैं नामांकन पत्र।

03. कटिहार के मुसापुर गांव से पाकिस्तान आधारित आतंकी नेटवर्क से जुड़ा एक युवक गिरफ्तार।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में लगातार बारिश से गंडक, कोसी और बागमती नदी के जलस्तर में हो रही है तेजी से बढ़ोतरी।

————————————————————

प्रदेश में आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आज पटना में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर स्थित संवाद भवन में कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

यह विशेष शिविर उन आवेदकों के लिए होगा, जो जिला स्तर पर आयोजित सहयोग कार्यक्रम में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद समाधान से संतुष्ट नहीं हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पिछले दिनों बोधगया में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि वे स्वयं के स्तर से चयनित आवेदकों की शिकायतों की समीक्षा करेंगे।

———बाइट–सम्राट चौधरी–

राज्य स्तरीय सहयोग शिविर के लिए आवेदन सहयोग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकेगा। आवेदक अपने पहले से दर्ज आवेदन के रेफरेंस नंबर और मोबाइल नंबर के जरिए ओटीपी सत्यापन कर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। चयनित आवेदकों को शिविर की तिथि, समय और अन्य आवश्यक जानकारी एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। अधिक जानकारी हेल्पलाइन नंबर– एक एक शून्य शून्य के माध्यम से ली जा सकती है।

समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

————————————————————

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। उपचुनाव के लिए निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस चुनाव के लिए कुल चालीस उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। प्रत्याशी सोलह जुलाई तक नामांकन वापस ले सकते हैं। इसके बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। उपचुनाव के लिए एनडीए की ओर से भाजपा के नीरज कुमार सिन्हा, राजद की ओर से रेखा गुप्ता, जन सुराज पार्टी से प्रशांत किशोर ने नामांकन किया है। वहीं, जन शक्ति जनता दल की ओर से वीणा

मानवी प्रत्याशी हैं। उपचुनाव के लिए मतदान तीस जुलाई को होगा। मतों की गिनती तीन अगस्त को की जायेगी।

———————————————————

राज्य सरकार ने नगर निकायों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में तीस अगस्त तक विभिन्न जिलों से प्रस्ताव मांगे गये हैं। प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर दो या अधिक नगर निकायों का विलय, शहरों की सीमा का विस्तार, नये नगर निकायों का गठन तथा नगर पंचायतों को नगर परिषद और नगर परिषदों को नगर निगम का दर्जा देने पर विचार किया जायेगा। गौरतलब है कि दो हजार पच्चीस में भी ऐसे प्रस्ताव मांगे गये थे लेकिन जनगणना के कारण प्रशासनिक सीमा के बदलाव पर रोक लगाई गई थी।

———————————————————

प्रदेश में ईको– टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए एक सेल का गठन किया जायेगा। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने पटना में आयोजित ईको–टूरिज्म इन्वेस्टर मीट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सेल के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्यमियों को एक ही छत के नीचे सभी जरूरी सुविधाएं और स्वीकृतियां दी जायेंगी। श्री किशोर ने बताया कि यह सेल विभाग के मुख्यालय में कार्य करेगा।

———————————————————

जलकुम्भी शिल्प विकास परियोजना के क्रियान्वयन के लिए उद्योग विभाग और नॉर्थ–इस्टर्न डेवलपमेंट फाइनांस कॉरपोरेशन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुये हैं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्रेयशी सिंह ने कहा कि इस पहल से जलाशयों में फैलने वाली जलकुम्भी को मूल्यवर्धित शिल्प उत्पादों में बदलने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे आय के अवसर बढ़ने के साथ ही महिलाओं और युवाओं को टिकाऊ रोजगार मिलेगा। वहीं, विभाग के सचिव कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि इस परियोजना के तहत अगले आठ महीने में सहरसा और वैशाली के दो सौ कारीगरों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

———————————————————

राज्य में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत चयनित घरों में सोलर प्लेट लगाने का काम तेजी से किया जायेगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत यूटिलीटी लेड एग्रीगेशन मॉडल की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ इसे लागू करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पचपन हजार से अधिक लाभार्थियों के रिकॉर्ड यूएलए पोर्टल पर

अपलोड किये गए है। श्री अमृत ने अधिकारियों को इस कार्य में लगी एजेंसियों के साथ समन्वय कर प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के निर्देश दिये है।

———————————————————

कटिहार पुलिस ने कोढ़ा थाना क्षेत्र के मुसापुर गांव से पाकिस्तान आधारित आतंकी नेटवर्क से जुड़े एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर–दो सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि युवक द्वारा सोशल मीडिया चैट और ऑडियो कॉल के माध्यम से देश विरोधी गतिविधियां, संवेदनशील स्थलों की जानकारी साझा करने तथा आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित सामग्री का आदान–प्रदान किया जा रहा था।

———साउंड बाईट———

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को भारतीय वायुयान अधिनियम, दो हजार चौबीस के अंतर्गत बनाए नियमों को दो सप्ताह के भीतर रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया। यह कानून देश के नागर विमानन ढांचे को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से बनाया गया है। मामले की अगली सुनवाई तीन अगस्त को होगी।

———————————————————

मानूसन की सक्रियता से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज दरभंगा, कटिहार, पूर्णियां और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अररिया, बांका, भागलपुर, जमुई, किशनगंज, मधेपुरा, मधुबनी, और सहरसा जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———बाइट———

इधर, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस गिरावट का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के अनुसार उन्नीस जुलाई तक प्रदेश में बारिश की परिस्थितियां बनी रहेंगी। विभाग की रिपोर्ट के पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, अररिया, मधेपुरा और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। पश्चिम चंपारण के मैंनाटाड़ में सबसे अधिक एक सौ उनहत्तर मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

———————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते गंगा, कोसी और गंडक समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुये कल दोपहर कोसी बराज से एक लाख बहत्तर हजार चार सौ पैंतीस क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

———बाईट———

भीमनगर कोसी बराज पर पानी के बढ़ते दबाव को देखते हुए बीस फाटकों को खोल दिया गया है। बाढ़ नियंत्रण, वीरपुर के मुख्य अभियंता संजीव शैलेश ने बताया कि पानी को डाउनस्ट्रीम में छोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोसी नदी के पूर्वी और पश्चिमी तटबंध समेत सभी बांध पूरी तरह सुरक्षित हैं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति बनी हुई है। इधर, पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया में गंडक नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वाल्मिकीनगर गंडक बराज से नदी का डिस्चार्ज एक लाख क्यूसेक के पार पहुंच गया है। सीतामढ़ी में बागमती और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में भी बढ़ोतरी हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि नदी के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश से बागमती और अधवारा समूह की नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। बागमती नदी रून्नीसैदपुर के कटौझा में खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर बह रही हैं। वहीं, लालबकैया नदी बैरगनिया के बोहाबाड़ी में लाल निशान के ऊपर बह रही हैं। इधर, गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना, मुंगेर और भागलपुर में बढ़ रहा है।

———————————————————

अयोध्या की एक अदालत ने श्री राम मंदिर के कथित दान चोरी मामले में सभी आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत चौदह दिन के लिए और बढ़ा दी है। अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश प्रतिभा नारायण ने आरोपियों को सत्ताईस जुलाई को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है।

———————————————————

राजगीर स्थित खेल अकादमी में पच्चीस और छब्बीस जुलाई को राज्यस्तरीय तैराकी चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर बयालीसवीं सब–जूनियर और बावनवीं जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप के लिए बिहार टीम का चयन किया जायेगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्रण शंकरण ने बताया कि स्वीमिंग फेडेरेशन ऑफ इंडिया के निर्देश पर इस ओपन चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इच्छुक खिलाड़ी बीस जुलाई तक आवेदन कर सकते है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार....

लखीसराय जिले के कबैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गौशाला गली से पुलिस ने ड्रग इंस्पेक्टर दीपक कुमार राम को नशे की हालात में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार ड्रग इंस्पेक्टर कर्तव्यों में लापरवाही के आरोप में पहले से ही निलंबित चल रहे थे।

———————————————————————

किशनगंज के तेरापंथ भवन में टीबी उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने लोगो से निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की सहायता की अपील की।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री ने बिहार हेली–टूरिज्म और एयर टूरिज्म सेवा का शुभारंभ किया–कहा गंगा पथ से हरिहरनाथ मंदिर तक रोप–वे की तैयारी।

दैनिक भास्कर ने बांकीपुर उपचुनाव से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर स्थान देते हुये लिखा है– भाजपा से नीरज, जन सुराज से पी.के. ने भरा पर्चा। नामांकन के बाद जे.जेडी प्रत्याशी गिरफ्तार, चार घंटे बाद मिली जमानत।

प्रभात खबर ने पटना उच्च न्यायालय के निर्देश को प्रमुखता देते हुये लिखा है– दहेज हत्या में जमानत देने में सतर्कता बरते निचली अदालत।

दैनिक जागरण लिखता है– लाड्र्स पर भारतीय बेटियों ने रचा इतिहास, पहले महिला टेस्ट मैच में इंग्लैंड को दो सौ सत्तर रन से हराया। आज अखबार ने लिखा है–अगस्त से सरकारी अस्पतालों की सफाई संभालेगी जीविका दीदियां। राष्ट्रीय सागर की सुर्खी है– मुंगेर में उद्घाटन से पहले ही दरक गयी तीन हजार सात सौ बानवे करोड़ रूपये से बनी फोर–लेन सड़क। एनएचएआई ने गठित की जांच टीम।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आम लोगों की शिकायतों की सीधी सुनवाई के लिए आज पटना में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का शुभारंभ करेंगे।

02. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की आज होगी जांच। कुल चालीस उम्मीदवारों ने दाखिल किये हैं नामांकन पत्र।

03. कटिहार के मुसापुर गांव से पाकिस्तान आधारित आतंकी नेटवर्क से जुड़ा एक युवक गिरफ्तार।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में लगातार बारिश से गंडक, कोसी और बागमती नदी के जलस्तर में हो रही है तेजी से बढ़ोतरी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।